भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2535

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

चीन से जुड़े कुछ विद्युत उपकरण विनिर्माताओं को छूट प्रदान करना

2535. श्री पी. विल्सन:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने चीन से जुड़े कुछ विद्युत उपकरण विनिर्माताओं को महत्वपूर्ण विद्युत परियोजनाओं के लिए निविदा में भाग लेने की दो वर्ष की छूट प्रदान की है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी छूट देने के कारण क्या हैं और इससे विद्युत परियोजनाओं के समय पर पूरा होने, लागत में कमी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और घरेलू विनिर्माण को सुदृढ़ करने के संबंध में क्या लाभ होने की उम्मीद है; और

(ग) क्या सरकार ने भारतीय विद्युत उपकरण विनिर्माताओं पर ऐसी छूट के प्रभाव का आकलन किया है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : सरकार ने हाल ही में भूमि सीमा साझा करने वाले देशों की कंपनियों द्वारा पर्याप्त स्वामित्व वाली निम्नलिखित चार कंपनियों को निर्धारित घरेलू सामग्री आवश्यकताओं का अनुपालन करने के अध्यधीन, दिनांक 24.06.2026 से दो साल की अवधि के लिए विद्युत परियोजनाओं के लिए खरीद बोलियों में भाग लेने की अनुमति दी है:

i. मेसर्स टीबीईए एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ii. मेसर्स नानजिंग इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
iii. मेसर्स न्यू नॉर्थईस्ट इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
iv. मेसर्स ताइकाई इलेक्ट्रिक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

(ख) एवं (ग) : छूट प्रदान किए जाने से प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, मूल्य स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा तथा आपूर्ति संबंधी बाधाओं का समाधान करने में सहायता मिलेगी, साथ ही इससे 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के उद्देश्यों को भी सहायता मिलेगी।

****